अमर उजाला

**Hisar News: शुक्र है,सब खैरियत है...त्योहार पर 35 क्विंटल नकली मावे की मिठाइयां खिला दी, सीएम फ्लाइंग का 2 गोदामों पर छापा**



हिसार। अधिक मुनाफा कमाने के चक्कर में लोगों के जीवन से खिलवाड़ किया जा रहा है। वहीं, सस्ते के चक्कर में आमजन भी सेहत को नजरअंदाज कर रहा है। सीएम फ्लाइंग ने रविवार सुबह ढाणी श्यामलाल में अलग-अलग जगहों पर छापा मारकर 8.55 क्विंटल नकली मावा बरामद कर नष्ट करा दिया। टीम ने 6 सैंपल लिए हैं। गोदाम से हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ में पता चला कि हिसार, बरवाला और उकलाना में नामी मिष्ठान भंडारों पर तीज व रक्षाबंधन पर 35 क्विंटल नकली मावा सप्लाई किया गया था। वहीं, टीम ने कटारिया स्वीट्स का लाइसेंस न मिलने पर चालान किया।

Source: https://www.amarujala.com/haryana/hisar/thankfully-everything-is-fine35-quintals-of-fake-mawa-sweets-were-served-on-the-festival-cm-flying-raided-2-warehouses-hisar-news-c-21-hsr1005-685601-2025-08-10